VOICE OF LUCKNOW
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

आईटी विज प्रतियोगिता में प्रांशु व हिमांशु ने मारी बाजी

लखनऊ(का.सं)। आईटी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता टीसीएस आईटी विज में राजधानी के प्रांशु व हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को संत गाडगेजी सभागार में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी विज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के सौ से भी अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी टीम ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में लखनऊ के अतिरिक्त देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद, वाराणसी और गोरखपुर सहित उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के स्कूली छात्रों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता में रोमांचक प्रिलिम्मस एवं रोचक प्रतियोगिता के बीच लखनऊ पब्लिक स्कूल कानपुर रोड के छात्र प्रांशू अग्रवाल व हिमांशु की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपविजेता टीम में जयपुरिया स्कूल के अंश तथा समृद्ध कुदेसिया रनर अप ट्राफी प्राप्त की। विजेता टीम को पुरस्कार में ट्राफी, एक गैलेक्सी टैब और डिजिटल कैमरा प्रदान किया गया। आईटी विज प्रतियोगिता के इस उपलक्ष पर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव अनूप मिश्रा एवं लखनऊ विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज मिश्रा व टीसीएस प्रमुख जयंत कृष्णा ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय दौर के बाद दिसंबर अंत तक दिल्ली में नेशनल फाइनल का आयोजन होगा जहां 12 क्षेत्रीय दौर से विजेता टीमें टीसीएस आईटी विज राष्ट्रीय चैम्पियन के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।